Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to set up medical college in Pratapgarh district in Rajasthan

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): महोदय, मैं सबसे अन्त में जाऊंगा ।

महोदय, चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र के प्रतापगढ़ जिले में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के बाद, चाहे वह केन्द्रीय विद्यालय हो, पासपोर्ट ऑफिस हो, नवोदय विद्यालय हो, बाइपास हो, ग्रामीण सड़कें हों, जल जीवन मिशन हो, चाहे एन.एच.ए.आई. में काम, चाहे गांव में जी.एस.एस. बनाना हो, चाहे बिजली से घरों और गांवों को जोड़ना हो, ऐसे अनेक काम हुए हैं । नरेन्द्र मोदी जी के पिछले कार्यकाल में पूरे राजस्थान में 7 मेडिकल कॉलेज खुले हैं और इस कार्यकाल में 15 मेडिकल कॉलेज राजस्थान को मिले हैं । इस सरकार ने पूरे देश में 75 मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय किया । उसमें से 15 मेडिकल कॉलेज राजस्थान को दिए हैं ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में तो मेडिकल कॉलेज खुल गया । लेकिन, प्रतापगढ़ एक आदिवासी जिला है । राजस्थान सरकार को मैंने आग्रह किया और पत्र भी लिखे थे कि प्रतापगढ़ में भी एक मेडिकल कॉलेज खुले, ताकि उस क्षेत्र की आदिवासी जनता और उस जिले के लोगों को उसका फायदा मिल सके । राजस्थान सरकार ने वह नहीं भेजा ।

महोदय, राजस्थान सरकार ने वह प्रस्ताव न भेजकर वहां की जनता के विरुद्ध काम किया है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि भविष्य में जब भी कोई योजना बने या पीपीपी मोड पर कोई योजना बने तो प्रतापगढ़ को मेडिकल कॉलेज मिले ।